बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-95
13/02/2026

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी की मां के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 13 फरवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री संजय सरावगी की मां राधा देवी सरावगी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि राधा देवी सरावगी बहुत ही नेक दिल और सरल हृदय महिला थीं और सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी अभिरूचि थी।

मुख्यमंत्री ने श्री संजय सरावगी से दूरभाष पर बात कर उन्हें सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******